भारत-मलेशिया कृषि संबंध

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में **भारत और मलेशिया ने** कृषि में अपने द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने का निर्णय लिया है, जिसमें **पाम ऑयल की खेती** तथा **डिजिटल प्रौद्योगिकी के एकीकरण** पर विशेष ज़ोर दिया जाएगा।

- **सहयोग के क्षेत्र:** **खाद्य तेल पर राष्ट्रीय मिशन- ऑयल पाम (NMEO-OP)** को आगे बढ़ाने के लिये सहयोग पर चर्चा की गई। कृषि और संबद्ध उत्पादों के लिये बाज़ार पहुँच के मुद्दों पर चर्चा की गई।
  - खाद्य तेल पर राष्ट्रीय मिशन- ऑयल पाम (NMEO-OP), वित्तीय वर्ष 2025-26 तक **ऑयल पाम की खेती और कच्चे पाम तेल के उत्पादन** को 11.20 लाख टन तक बढ़ाने के लिये वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया। यह 15 राज्यों में संचालित है, जिसका लक्ष्य 21.75 लाख हेक्टेयर क्षेत्र है।
  - ऑयल पाम मिशन का उद्देश्य किसानों को रोपण सामग्री, बायबैक आश्वासन और व्यवहार्यता अंतर भुगतान के माध्यम से **वैश्विक मूल्य अस्थिरता से सुरक्षा प्रदान करके नए क्षेत्रों में ऑयल पाम को बढ़ावा देना है**।
- भारत अपने खाद्य तेल का 57% आयात करता है, जिससे **विदेशी मुद्रा भंडार** पर 20.56 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रभाव पड़ता है। **भारत प्रत्येक वर्ष पाम तेल का आयात करता है, जो कुल खाद्य तेल आयात का लगभग 56% है**।
  - वर्तमान में लगभग 28 लाख हेक्टेयर के कुल संभावित क्षेत्र के मुकाबले, **केवल 3.70 लाख हेक्टेयर में पाम तेल की खेती की जाती है**।
  - **आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल प्रमुख तेल पाम उत्पादक राज्य हैं एवं कुल उत्पादन का 98% भाग उत्पादित करते हैं**।

और पढ़ें: **खाद्य तेल पर राष्ट्रीय मिशन- ऑयल पाम (NMEO-OP)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-malaysia-agricultural-ties